हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

# नियुक्ति अधिसूचना

**अधिसूचना संख्या.- HNBGU/RECT/NT/2026/55** **दिनॉक: 07-08-2026**

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित शिक्षणेत्तर (समूह 'ख') पदों के लिए निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थीयों से ऑनलाईन आवेदन अमंत्रित किये जाते हैं:–

| पद सं0 | पद | वेतन लेवल | पदों का विवरण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अनु. जा | अनु. ज. ज. | अ. पि. व. - नॉन-क्रीमी लेयर | इ डब्ल्यू. एस | कुल पद | *दिव्यांगजन के लिए आरक्षित |
| 1. | सहायक | लेवल –06 | 07 | 01 | - | 03 | 01 | 12* | 01(LD) |
| 2. | निजी सचिव | लेवल –07 | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| 3. | व्यक्तिगत सहायक | लेवल –06 | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| 4. | वरिष्ठ तकनीकी सहायक (Auto CAD) | लेवल –06 | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| 5. | वरिष्ठ तकनीकी सहायक (HAPPRC) | लेवल –06 | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| 6. | सहायक अभियंता (सिविल | लेवल –07 | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| 7. | कनिष्ठ अभियंता (सिविल | लेवल –06 | 01 | 01 | - | - | - | 02 | - |
| 8. | कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) | लेवल –06 | 01 | - | - | 01 | - | 02 | - |
| 9. | वरिष्ठ तकनीकी सहायक (आईसीटी) | लेवल –06 | 02 | - | - | 01 | - | 03* | 01 (VI-LV) |
| 10. | उद्यान विशेषज्ञ (परिसर विकास हेतु) | लेवल –07 | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| 11. | सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी | लेवल –06 | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| 12. | खेल प्रशिक्षक | लेवल –07 | 01 | - | - | - | - | 01 | - |
| **कुल (समूह 'ख')** | | | **19** | **02** | **.** | **05** | **01** | **27** | **02** |

**आवेदकों को केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होगा**
**(ऑनदन आवेदन करने के लिए लिंक https://hnbgunt.samarth.edu.in/ पर क्लिक करें)**
**आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है**

**प्रयुक्त संक्षिप्त रूपः**

**अना.**.–सामान्यः **अनु.जा.**–अनुसूचित जातिः **अनु.ज.जा.**–अनुसूचित जनजातिः **अ.पि.व**– **नॉन-क्रीमी लेयर** अन्य पिछड़ा वर्गः (नॉन-क्रीमी लेयर); **ई.डब्ल्यू.एस**–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग : **दिव्यांगजन- LD-** लोकोमोटर डिसेबिलिटी (Locomotor Disability); **दिव्यांगजन- LV-** लो विजन (Low Vision).

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की आरंभ तिथि | **17-08-2026 (सोमवार)** |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **16-09-2026 (बुधवार) (by 18:00:00 hrs.)** |
| अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट/लिंक पर जाएं | **www.hnbgu.ac.in**<br>**https://hnbgunt.samarth.edu.in** |

| **आवेदन शुल्क-** | | |
|---|---|---|
| **क** | **वर्ग** | **शुल्क (रूपये में)** |
| **1.** | अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | **1000/-** |
| **2.** | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग वर्ग और महिला आवेदक | **500/-** |
| एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। | | |
| भुगतान केवल क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट बैकिंग/यू0पी0आई0 के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना चाहिए। | | |
| एक से अधिक पदों/विभागों के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को अलग–अलग आवेदन करना होगा और अलग–अलग शुल्क का भुगतान करना होगा। | | |

## पात्रता एवं पदों से संबंधित अन्य विवरण (वर्ग 'ख')

| पद संहिता | पद विवरण | |
|---|---|---|
| 1. | **सहायक** | **12 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 06 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br>i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक (Bachelor's) की डिग्री।<br>ii. केंद्रीय/राज्य सरकार, विश्वविद्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) अथवा अन्य केंद्रीय/राज्य स्वायत्त निकाय में लेवल-4 में उच्च श्रेणी लिपिक (UDC) या समकक्ष पद पर कम से कम 3 वर्ष का अनुभव; या लेवल-2 में निम्न श्रेणी लिपिक (LDC) या समकक्ष पद पर कम से कम 8 वर्ष का अनुभव; या समकक्ष पद धारण किया हो।<br>iii. कंप्यूटर अनुप्रयोगों, कार्यालयीन टिप्पणी (Noting) एवं प्रारूपण (Drafting) का कार्यसाधक ज्ञान। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |
| | | |
| 2. | **निजी सचिव** | **01 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 07 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br>i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक (Bachelor's) की डिग्री।<br>ii. विश्वविद्यालय/अनुसंधान संस्थान/केंद्रीय या राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) अथवा अन्य स्वायत्त निकायों में वैयक्तिक सहायक (Personal Assistant) के पद पर कम से कम 03 वर्ष का अनुभव।<br>iii. अंग्रेजी/हिन्दी आशुलिपि (Stenography) की गति: अंग्रेजी में 120 शब्द प्रति मिनट (w.p.m.), अथवा हिन्दी में 100 शब्द प्रति मिनट (w.p.m.)।<br>iv. अंग्रेजी/हिन्दी टंकण (Typing) की गति: अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट (w.p.m.), अथवा हिन्दी में 30 शब्द प्रति मिनट (w.p.m.)।<br>v. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का कार्यसाधक ज्ञान।<br><br>**कंप्यूटर पर कौशल परीक्षा के मानदण्ड (Skill Test Norms):**<br>**श्रुतलेखन (Dictation):** 10 मिनट @ 120 शब्द प्रति मिनट (अंग्रेजी) / 100 शब्द प्रति मिनट (हिन्दी)।<br>**लिप्यंतरण (Transcription):** अंग्रेजी – **50 मिनट,** हिन्दी – **60 मिनट**<br>**वांछनीय (Desirable):** अंग्रेजी/हिन्दी भाषा पर अच्छी पकड़ तथा प्रभावी संप्रेषण (Communication) कौशल। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | **व्यक्तिगत सहायक** | **01 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 06 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br>1. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक (Bachelor's Degree)।<br>2. अंग्रेजी अथवा हिन्दी आशुलिपि (Stenography) में न्यूनतम **100 शब्द प्रति मिनट (WPM)** की गति का प्रवीणता।<br>3. अंग्रेजी अथवा हिन्दी टंकण (Typing) में क्रमशः न्यूनतम **35/30 शब्द प्रति मिनट (WPM)** की गति का प्रवीणता।<br>4. कंप्यूटर अनुप्रयोगों (Computer Applications) का ज्ञान।<br>5. केंद्र/राज्य सरकार के संगठनों, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, केंद्र/राज्य स्वायत्त संस्थान अथवा ₹200 करोड़ या उससे अधिक वार्षिक कारोबार वाले प्रतिष्ठित निजी संस्थानों में **स्टेनोग्राफर अथवा समकक्ष पद पर दो वर्ष का अनुभव**।<br>**वांछनीय (Desirable):** अंग्रेजी/हिन्दी भाषा में प्रवीणता तथा अच्छे संचार कौशल (Communication Skills).<br>**कंप्यूटर पर कौशल परीक्षा (Skill Test Norms):**<br>**श्रुतलेखन (Dictation):** 10 मिनट @ 100 शब्द प्रति मिनट।<br>**प्रतिलेखन (Transcription):** अंग्रेजी: 40 मिनट हिन्दी: 55 मिनट |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |
| | | |
| 4. | **वरिष्ठ तकनीकी सहायक (Auto Cad)** | **01 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 06 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br>ऑटो CAD में डिप्लोमा के साथ बी.टेक.<br>**अथवा**<br>भौतिकी/गणित/कंप्यूटर में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ऑटो CAD में डिप्लोमा। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती। |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | **वरिष्ठ तकनीकी सहायक (HAPPRC)** | **01 पद** |
| | वेतनमान | लेवल –06 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जैव प्रौद्योगिकी/सूक्ष्म जीव विज्ञान/जैव रसायन/पर्यावरण विज्ञान/कृषि विज्ञान/पादप विज्ञान, अर्थात् औषधीय एवं सुगंधित पादप/वनस्पति विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती। |
| 6. | **सहायक अभियंता (सिविल)** | **01 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 07 |
| | आयु सीमा | 40 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br><br>1. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से संबंधित क्षेत्र (सिविल) में प्रथम श्रेणी स्नातक डिग्री या समकक्ष।<br>2. राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग (PWD) में कनिष्ठ अभियंता या समकक्ष पद पर अथवा किसी समान संगठन/विश्वविद्यालय प्रणाली या ₹200 करोड़ के वार्षिक टर्नओवर वाले प्रतिष्ठित निजी संगठन में संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव।<br><br>**वांछनीय:** कंप्यूटर एडेड डिजाइन (CAD) तथा नवीनतम प्रबंधन प्रौद्योगिकी/अन्य संबंधित सॉफ्टवेयर का ज्ञान। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती। |
| 7. | **कनिष्ठ अभियंता (सिविल)** | **02 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 06 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से संबंधित क्षेत्र (सिविल) में इंजीनियरिंग की स्नातक डिग्री तथा संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव।<br><br>**अथवा**<br><br>संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग डिप्लोमा तथा सीपीडब्ल्यूडी (CPWD)/राज्य लोक निर्माण विभाग (State PWD) या समान संगठित सेवाओं/सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठनों/केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों/स्वायत्त संस्थानों या ₹200 करोड़ के वार्षिक टर्नओवर वाली प्रतिष्ठित निजी निर्माण कंपनी में संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव।<br><br>**वांछनीय:** ऑटोकैड (AUTOCAD) तथा अन्य संबंधित सॉफ्टवेयर का कार्यसाधक ज्ञान। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | **कनिष्ठ अभियंता (विद्युत)** | **02 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 06 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br><br>किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से संबंधित क्षेत्र (विद्युत) में इंजीनियरिंग की स्नातक डिग्री तथा संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव।<br><br>**अथवा**<br><br>संबंधित क्षेत्र में इंजीनियरिंग डिप्लोमा तथा सीपीडब्ल्यूडी (CPWD)/राज्य लोक निर्माण विभाग (State PWD) या समान संगठित सेवाओं/सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठनों/केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों/स्वायत्त संस्थानों या ₹200 करोड़ के वार्षिक टर्नओवर वाली प्रतिष्ठित निजी निर्माण कंपनी में संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव।<br><br>**वांछनीय:** ऑटोकैड (AUTOCAD) तथा अन्य संबंधित सॉफ्टवेयर का कार्यसाधक ज्ञान। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |
| | | |
| 9. | **वरिष्ठ तकनीकी सहायक (आईसीटी)** | **03 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 06 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br><br>I. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.ई./बी.टेक. (कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी)।<br><br>**अथवा**<br><br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (एमसीए) या समकक्ष।<br><br>**अथवा**<br><br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम.एससी. (कंप्यूटर विज्ञान/सूचना विज्ञान)।<br><br>II. सॉफ्टवेयर विकास/रखरखाव में तीन वर्ष का संबंधित अनुभव।<br><br>**नोट:** सभी निर्धारित/अर्हक डिग्रियों में न्यूनतम 55% अंक होना अनिवार्य है। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | **उद्यान विशेषज्ञ (परिसर विकास हेतु)** | **01 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 07 |
| | आयु सीमा | 40 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br>बागवानी में विशेषज्ञता के साथ कृषि में एम.एससी./फ्लोरीकल्चर विषय के साथ बागवानी में एम.एससी., तथा किसी विश्वविद्यालय/सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठन में ओरिएंटल गार्डनिंग/फ्लोरीकल्चर/लैंडस्केप गार्डनिंग में 3 वर्ष का अनुभव।<br>**अथवा**<br>बागवानी में विशेषज्ञता के साथ एम.एससी. (वनस्पति विज्ञान), तथा किसी विश्वविद्यालय/सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठन में ओरिएंटल गार्डनिंग/फ्लोरीकल्चर/लैंडस्केप गार्डनिंग में 3 वर्ष का अनुभव।<br>**अथवा**<br>बागवानी विषय में वैकल्पिक विषय (Elective) के साथ बी.एससी. (कृषि), तथा किसी विश्वविद्यालय/सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठन में 5 वर्ष का अनुभव। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |
| | | |
| 11. | **सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी** | **01 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 06 |
| | आयु सीमा | 40 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br>I. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिग्री, जिसमें कम से कम 55% अंक या समकक्ष ग्रेड (जहाँ ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो) हो।<br>**अथवा**<br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर डिग्री तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।<br>II. एबीसी (ABC) से मान्यता प्राप्त किसी प्रतिष्ठित अंग्रेजी/क्षेत्रीय समाचार पत्र, राष्ट्रीय समाचार एजेंसी, रेडियो या टेलीविजन, फिल्म मीडिया अथवा प्रतिष्ठित विज्ञापन एजेंसी के संपादकीय विभाग/केंद्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव तथा अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषा में बोलने का उत्कृष्ट ज्ञान।<br>**वांछनीय:** कंप्यूटर अनुप्रयोगों का अच्छा कार्यसाधक ज्ञान। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |
| | | |
| 12. | **खेल प्रशिक्षक** | **01 पद** |
| | वेतनमान | लेवल – 07 |
| | आयु सीमा | 35 वर्ष |
| | (शैक्षिक एवं अन्य अर्हतायें) | **अनिवार्य:**<br>शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>एनआईएस (NIS) से कोचिंग में डिप्लोमा अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से समकक्ष योग्यता।<br>**वांछनीय:**<br>खेलों में राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर के कम से कम दो खेलों में कोचिंग प्रदान करने की दक्षता।<br>किसी संगठन/संस्थान के पेरोल पर कोचिंग का दो वर्ष का अनुभव। |
| | नियुक्ति प्रक्रिया | सीधी भर्ती |
| | | ************* |

## नियम एवं शर्तें
## (अधिसूचना संख्या- HNBGU/RECT/NT/2026/55 Dated: 07-08-2026)

1. आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिये निर्धारित आवेदन प्रारूप में पूर्ण एवं सही जानकारी एवं आवश्यक अपलोड किये गये संलग्नों के साथ ऑनलाइन आवेदन लिंक https://hnbgunt.samarth.edu.in. के माध्यम से SAMARTH भर्ती पोर्टल पर पंजीकरण करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन लिंक (https://hnbgunt.samarth.edu.in) **17-08-2026** से प्रारम्भ होगा और **16-09-2026 सांय 06:00** बजे बन्द हो जायेगा। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किये जायेगें।
2. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार अनुभव, योग्यता और **आयु** की पुष्टि की जाएगी। अंतिम तिथि के बाद योग्यता और अनुभव का कोई अद्यतन नही किया जायेगा।
3. यह आवेदकों की जिम्मेदारी है कि वह उस पद के लिए अपनी पात्रता का आकलन करे जिसके लिए वह आवेदन कर रहा है। इसलिए, ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पूर्व, आवेदकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित सभी पात्रता मानदंडों/शर्तो को पूरित करते हैं, अन्यथा आवेदन को अविलम्बित अस्वीकार कर दिया जाएगा।
4. दिव्यांगजन आवेदकों की उम्मीदवारी भारत सरकार के नियमों और विनियमों के अनुसार होगी।
5. ऐसे आवेदक जो एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें सभी निर्धारित सहायक दस्तावेजों और प्रत्येक आवेदन के साथ अतिरिक्त आवेदन प्रसंस्करण शुल्क के साथ निर्धारित प्रारूप पर अलग–अलग ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
6. ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाने वाले सभी आवश्यक स्कैन किए गए दस्तावेज उच्च रिजोल्यूशन, अच्छी गुणवत्ता, स्पष्ट रूप से पठनीय और डिजिटल रूप से सत्यापन योग्य होने चाहिए। ऑनलाइन के माध्यम से प्रस्तुत वांछनीय संलग्रकों (डिग्री/प्रमाण पत्र/अंक पत्र/अनुभव प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित प्रतियां, महत्वपूर्ण प्रकाशनों की पुनर्मुद्रण, आदि) को अपलोड न करने वाले ऑन–लाइन आवेदन को सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संबंध में आगे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
7. **अनुसूचित जाति** (SC), **अनुसूचित जनजाति** (ST) **एवं दिव्यांगजन** (PwD) **श्रेणी के अभ्यर्थियों को आयु में छूट** DoPT/**भारत सरकार के नियमों के अनुसार प्रदान की जाएगी।**
8. हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए आयु में छूट एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के संवर्ग भर्ती नियमों के प्रावधानों (खंड 32 (ए)–शिथिलता की शक्ति) के अनुसार लागू होगी।
9. गैर–सरकारी संगठनों के आवेदकों को अपने दावा किए गए अनुभव के समर्थन में मासिक परिलब्धियों का दावा करने के लिए फॉर्म–16 प्रस्तुत करना आवश्यक है।
10. आवेदनों की जांच स्क्रीनिंग समिति द्वारा तय दिशा–निर्देशों/मानदंड़ों के आधार पर योग्य/अयोग्य पात्र आवेदकों की सूची तैयार की जाएगी।
11. निर्धारित आवश्यक योग्यता न्यूनतम है और इसके होने मात्र से आवेदक को साक्षात्कार/आगामी चयन प्रक्रिया हेतु बुलाए जाने का अधिकार नहीं मिलता है। जहां किसी विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक हो और सभी आवेदकों का साक्षात्कार लेना संभव या सुविधाजनक न हो, वहां विश्वविद्यालय अपने विवेकानुसार, योग्यता और अनुभव आदि के आधार पर आवेदकों की संख्या को उचित सीमा तक सीमित कर सकता है।
12. विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से आवेदकों द्वारा प्रस्तुत सूचना/दस्तावेजों के आधार पर आवेदनों पर प्रक्रिया करेगा। यदि सूचना/दस्तावेज भूलवश गलत/नकली पाए जाते हैं तो इसकी जिम्मेदारी और दायित्व पूरी तरह से आवेदक का होगा।
13. तथ्यात्मक जानकारी को छुपाना, फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करना, गलत या भ्रामक जानकारी प्रदान करना या आवेदक द्वारा कोई अन्य अवांछनीय कार्य करने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
14. सभी प्रमाण–पत्र, जो अंग्रेजी या हिन्दी में नहीं हैं, उनका अंग्रेजी या हिन्दी में अनुवाद किया जाना चाहिए तथा उन्हें स्व–सत्यापित किया जाना चाहिए।
15. विश्वविद्यालय के सुरक्षित अधिकारः
    - क. किसी भी समय कोई भी कारण बताए किसी विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
    - ख. किसी भी कारण से विज्ञापित कुछ या सभी पदों को भरने या न भरने के लिए।
    - ग. समय–समय पर यूजीसी/शिक्षा मंत्रालय/भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया के बाद पदों की संख्या बढाने /घटाने के लिए
    - घ. आवेदकों की सूची बनाने के लिए मानदंड/प्रक्रिया निर्धारित करना।
    - ड़. आरक्षित पैनल/प्रतीक्षा सूची तैयार करना, जो चयन समिति की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगी तथा परिणामी/नई रिक्तियों पर नियुक्तियों के लिए उपयोग की जा सकेगी।

16. चयन समिति साक्षात्कार में आवेदकों के प्रदर्शन के मूल्यांकन की अपनी पद्धति तय कर सकती हैं।
17. विश्वविद्यालय किसी भी समय, नियुक्ति के समय या सेवाकाल के दौरान, आवेदक द्वारा प्रस्तुत पूर्ववृत्त या दस्तावेजों का सत्यापन करेगा। यदि यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी हैं या आवेदक का कोई गुप्त इतिहास/पृष्ठभूमि है तथा उसने उक्त जानकारी छिपाई है, तो विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गई किसी भी अन्य कार्रवाई के प्रति पूर्वाग्रह के बिना उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी।
18. इस भर्ती अधिसूचना से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/संशोधन/सूचना/अद्यतन आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.hnbgu.ac.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। विश्वविद्यालय किसी अन्य माध्यम से अर्थात डाक/कूरियर आदि द्वारा कोई सूचना प्रेषित नहीं जाएगा। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय ई–मेल न प्राप्त होने के, आवेदक द्वारा गलत पता दिए जाने के कारण संचारा की कमी, भुगतान गेटवे द्वारा असफल लेनदेन आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
19. पात्रता की शर्त, साक्षात्कार के संचालन और परिणाम तथा साक्षात्कार के लिए न बुलाए जाने के कारणों के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा कोई पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे संवीक्षा कार्य/परिणाम की प्रगति, चयन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखते रहें।
20. किसी भी पद के लिए चयनित और नियुक्त उम्मीदवार विश्वविद्यालय के अधिनियम/संविधि/अध्यादेश/नियमों और सीसीएस (आचरण) नियम, 1964 सीसीएस (सीसीए) नियम, 1965 या भारत सरकार के किसी अन्य ऐसे नियमों द्वारा शासित होंगे जो विश्वविद्यालय के कर्मचारियों पर लागू हों।
21. **मानव संसाधन विकास मंत्रालय** (M.H.R.D.) **के पत्र संख्या** 19-50/2015-Desk-U, **दिनांक** 22.12.2015 **के अनुपालन में, ₹4600/- या उससे कम ग्रेड पे वाले समूह 'बी' एवं 'सी' पदों पर नियुक्ति के लिए कोई साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा। अतः, समूह 'सी' एवं समूह 'बी' के पदों पर नियुक्ति हेतु कोई साक्षात्कार आयोजित नहीं किया जाएगा।**
22. कर्मचारियों की सेवाएं विश्वविद्यालय के अधिनियम/परिनियम/अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार शासित होंगी, जिन्हें समय–समय पर जारी और संशोधित किया जा सकता है।
23. आवेदकों द्वारा किसी भी रूप में प्रचार करने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।
24. चयन की प्रक्रिया में किसी भी गलती के मामले में, जिसे नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी किसी भी स्तर पर पता लगाया जा सकता है, विश्वविद्यालय आवेदकों को किए गए किसी भी संचार को संशोधित/वापस लेने रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
25. आरक्षित वर्ग से संबंधित कोई भी आवेदक, जो किसी भी अनारक्षित (यूआर) पद के लिए आवेदन करना चाहता है, उसे भारत सरकार के नियमों के अनुसार अंकों और आयु आदि में कोई छूट नहीं दी जाएगी।
26. **अनुसूचित जाति** (SC)/**अनुसूचित जनजाति** (ST)/**अन्य पिछड़ा वर्ग-नॉन क्रीमी लेयर** (OBC-NCL)/**दिव्यांगजन** (PwD)/**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग** (EWS) **के अभ्यर्थियों को आरक्षण/छूट भारत सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** (UGC) **के प्रचलित नियमों के अनुसार प्रदान की जाएगी।** SC/ST/OBC-NCL/PwD/EWS **श्रेणी के अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार संबंधित प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।** OBC **प्रमाण-पत्र (नॉन क्रीमी लेयर) तथा** EWS **प्रमाण-पत्र दिनांक** 01.04.2026 **या उसके बाद जारी किया हुआ होना चाहिए।**
27. **किसी उपयुक्त दिव्यांगजन** (PwD) **अभ्यर्थी के उपलब्ध होने की स्थिति में (यदि वह अन्यथा पात्र है), विश्वविद्यालय, दिव्यांगजन** (PwD) **श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित आरक्षण को पूरा करने के उद्देश्य से, ऐसे अभ्यर्थी को प्राथमिकता देने पर विचार कर सकता है, भले ही विज्ञापन में उक्त पद को दिव्यांगजन** (PwD) **अभ्यर्थी के लिए आरक्षित/चिह्नित किया गया हो अथवा नहीं।**
28. पहले से ही सेवारत आवेदकों को अपने नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र (एनओसी)/आवेदन अग्रेषित करने की प्रति/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की गई प्रति प्रस्तुत /अपलोड करनी होगी। विश्वविद्यालय द्वारा वांछित होने पर, उसे अपने नियोक्ता से प्राप्त सतर्कता मंजूरी प्रमाण–पत्र के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मूल प्रति सीलबंद लिफाफे में विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करनी होगी।
29. विश्वविद्यालय, यदि उचित समझे तो, संवर्ग भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार किसी भी पद के लिए लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
30. प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले आवेदकों को नियोक्ता के अग्रेषण से साथ पिछले 5 वर्षो के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित सीआर डोजियर की प्रतिलिपि प्रस्तुत / अपलोड करनी होगी।
31. पद के लिए परिवीक्षा अवधि (जहां भी लागू हो) विश्वविद्यालय के संवर्ग भर्ती नियमों के अनुसार होगी।
32. चयनित आवेदक को हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड के अधिकार क्षेत्र में कहीं भी सेवा करने के लिए उत्तरदायी होगा।
33. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में साक्षात्कार/लिखित परीक्षा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा।
34. विज्ञापन का हिन्दी संस्करण विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है। अनुवाद में किसी भी विसंगति के मामले में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
35. चयन प्रक्रिया में किसी भी विवाद/अस्पष्टता की स्थिति में, विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पुर्व यह सुनिश्चित कर लें कि उनके पास विज्ञापन में दी गई वांछित योग्यताएँ हैं।
36. किसी भी विवाद की स्थिति में, न्यायनिर्णयन का प्रादेशिक क्षेत्राधिकार माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल, होगा।

**कुलसचिव**